AADHAAR

NAI DUNIYA, Delhi, 11.11.2017

Page No. 4, Size:(8.47)cms X (11.31)cms.

साढ़े 5 लाख कार्डधारी दो जगह ले रहे राशन

बिलासपुर। नईदुनिया प्रतिनिधि

जिले में 5 लाख 55 हजार 419 ऐसे बीपीएल राशन कार्डधारी हैं जो बीते कई महीनों से एक आधार नंबर से दो जगह राशन ले रहे हैं। जांच के दौरान इसका खुलासा हुआ है। मस्तूरी, बिल्हा व कोटा ब्लॉक में सबसे ज्यादा गड़बड़ी मिली। इस खुलासे के बाद प्रशासनिक अमलों में हड़कंप मचा है।

वर्ष 2017 के शुरुआती महीने में राज्य शासन ने आदेश जारी कर बीपीएल राशन कार्डधारकों को बैंक अकाउंट के साथ आधार नंबर लिंक कराने कहा था। बगैर आधार सीडिंग वाले कार्डधारकों को राशन की आपूर्ति बंद करने की हिदायत भी दी थी। इसी बीच शासन ने प्रत्येक हितग्राहियों द्वारा दिए गए आधार नंबर के सत्यापन का आदेश जारी किया। खाद्य विभाग के मैदानी अमले ने उचित मूल्य दुकानों के हिसाब से कार्डधारकों द्वारा दिए गए आधार नंबर का सत्यापन किया था। नईदुनिया के पास उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में रहने वाले बीपीएल हितग्राहियों ने एक आधार नंबर से दो-दो उचित मूल्य दुकानों से हर महीने राशन उठा रहे हैं।

जांच के दौरान जिले के बिल्हा, मस्तूरी, कोटा, तखतपुर, पेंड्रा, गौरेला व मरवाही तहसील के अंतर्गत आने वाले राशन कार्डधारकों में से 12 लाख 61 हजार 150 लोगों ने बैंक अकाउंट से लिंक कराने आधार नंबर विभाग के पास जमा किया था।

सत्यापन के दौरान इनमें से 5 लाख 54 हजार 419 आधार नंबर प्रशासन की ओर से किए गए सत्यापन में खरे नहीं उतर पाए। विभागीय अधिकारी अपनी गलती छिपाने राशन दुकानदारों को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं।